**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**

**दिनांक : 05.11.2025** **समय : 02.10पीएम**

**बिहार में पहला चरण मतदान**

बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कल 18 जिलों के 121 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस चरण में, कुल 1,314 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यहां लगभग 3.75 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**प्रकाश पर्व**

सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देव जी का 556वाँ प्रकाश गुरुपर्व आज धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उनका जीवन, ईमानदारी, दयालुता और लोगों की मदद के महत्व को दर्शाता है। उनकी शिक्षाएँ उस समय की सामाजिक समस्याओं जैसे जाति व्यवस्था के विरुद्ध थीं और सभी की समानता पर जोर देती थी। इस अवसर पर गुरुद्वारों में अखंड पाठ, कीर्तन दरबार और लंगर जैसे आयोजन किये जा रहे हैं। वही आगरमालवा, जबलपुर, नर्मदापुरम और नीमच सहित अन्य जिलों में गुरूनानक जयंती पर गुरूद्वारों में अरदास की गई तथा विशेष पाठ के साथ कीर्तन हुए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

**कार्तिक पूर्णिमा/देव दीपावली**

आज कार्तिक पूर्णिमा एवं देव दीपावली–दीपोत्सव मनाया जा रहा है। कार्तिक पूर्णिमा की सुबह श्रद्धालू पवित्र जलाशयों में स्नान कर पूजा अर्चना करते हैं। गोधूलि बेला में घरों, मंदिरों और जलाशयों के घाटों पर दीये जलाकर दीपदान किया जाता है। इस अवसर पर प्रदेशभर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा–अर्चना कर रहे हैं। आगरमालवा जिला मुख्यालय स्थित प्राचीन, प्रसिद्ध व ऐतिहासिक शिवालय श्रीबैजनाथ महादेव मंदिर पर श्रृद्धालुओं ने दर्शन, भजन पूजन आराधना की। जबलपुर, नर्मदापुरम, नीमच सहित अन्य जिलों में भी कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालु जलाशयों में स्नान कर पूजा अर्चना और दीपदान कर रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

**जीएसटी**

22 सितंबर को शुरू हुए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। परिधान और जूतों के क्षेत्र में नई जीएसटी दरें नागरिकों के लिए मददगार साबित हो रही हैं। पैश है एक रिपोर्ट–

नए जीएसटी सुधारों ने कपड़े और फुटवियर क्षेत्र को बड़ी राहत प्रदान की है। इन सुधारों से निर्माताओं पर बोझ कम हुआ है और उत्पादन को बढ़ावा मिला है। उपभोक्ताओं के लिए कपड़े और फुटवियर अधिक किफायती हो गए हैं। नए जीएसटी ढांचे के तहत चामोइस चमड़े से बने उत्पाद और क्रस्टिंग के बाद तैयार/चमड़े पर, जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसी प्रकार ढ़ाई हज़ार रुपये तक के फुटवियर पर भी अब 12 प्रतिशत के बजाय केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। जिससे मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं के लिए, स्टाइलिश और टिकाऊ फुटवियर किफायती हो गया हैं। इसके अलावा, ढ़ाई हज़ार हा रुपये प्रति पीस तक के रेडीमेड कपड़े पर भी जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत हो गई है। इन जीएसटी सुधरों ने, देश के विनिर्माण आधार में उल्लेखनीय प्रोत्साहित देने के साथ ही, उपभोक्ताओं को

लाभान्वित किया है, और उत्पादों को अधिक किफायती बनाया है। आरज़ू के साथ रहीसुद्दीन रिहान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

**<u>हरित हाइड्रोजन–सम्मेलन</u>**

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय 11 और 12 नवंबर को नई दिल्ली में हरित हाइड्रोजन–2025 पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगा। सम्मेलन का उद्देश्य हरित हाइड्रोजन उत्पादन को बढ़ाने, बुनियादी ढांचे को सक्षम बनाने, मांग सृजन और वैश्विक सहयोग को प्रोत्साहित करने के व्यावहारिक तरीकों पर ज्ञान का प्रसार करना है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के साथ–साथ विभिन्न मंत्रालयों और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों के वरिष्ठ प्रतिनिधि इस सम्मेलन में भाग लेंगे।

**<u>मौसम</u>**

मौसम विभाग ने आज पूर्वी मध्य प्रदेश के कई जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, प्रदेश में ठंड भी बढ़ने लगी है। कल ग्वालियर–चंबल संभाग में रात का तापमान 18 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। विभाग ने आज रायसेन, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, जबलपुर, कटनी, सिवनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट जिलों में कहीं–कहीं हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई है।

**समाचार संक्षेप में –**

- शिवपुरी जिले में नाप–तौल विभाग द्वारा विशेष निरीक्षण अभियान संचालित कर मिठाई, नमकीन, किराना, पेंट्स, बर्तन तथा सर्राफा संस्थानों सहित लगभग 120 व्यापारिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।
- नीमच जिले में किसानों ने भावांतर भुगतान योजना में सोयाबीन विक्रय की है।
- संगीत जगत की महान विभूति एवं 'भारत रत्न' डॉ. भूपेन हजारिका की आज पुण्यतिथि है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके गीतों में निहित समाज, संवेदना और मानवीय मूल्यों की गहरी समझ को याद किया।

––––––––––––––